बड़ौदा ट्रैवल इजी कार्ड

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ट्रैवल इजी कार्ड क्या है ?
बैंक ऑफ़ बड़ौदा ट्रैवल ईजी कार्ड एक प्रीपेड इंटरनेशनल करेंसी कार्ड (प्रीपेड अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कार्ड) है जो विदेशों की यात्राओं के दौरान विभिन्न लेन देन/ भुगतान संबंधी जरूरतों को पूरा करता है. एक कार्ड का उपयोग हेतु कार्ड पर लोड की गई राशि तक सीमित है. यदि आवश्यक हो, तो ग्राहक कार्ड पर राशि को फिर से लोड कर सकता है.
भारत में कार्ड में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा को लोड किया जा सकता है और बिना किसी प्रभार के 12 मिलियन + वीजा मर्चेंट प्रतिष्ठानों में पीओएस पर उपयोग किया जाता है और अधिसूचित प्रभार का भुगतान करने के पश्चात 1.5 मिलीयन + वीजा एटीएम से देशों में नकदी निकली जा सकती है.

विदेशी यात्री बड़ौदा ट्रेवल इजी कार्ड कहां खरीद सकता है ?
बैंक ऑफ़ बड़ौदा की निर्धारित शाखाओं (विदेशी मुद्रा व्यापार के संचालन के लिए) बड़ौदा ट्रैवल इजी कार्ड खरीदा जा सकता है.

बड़ौदा ट्रेवल इजी कार्ड किन मुद्राओं में उपलब्ध है ?
वर्तमान में बड़ौदा ट्रैवल इजी कार्ड केवल यूएस डॉलर, यूरो, जीबीपी में उपलब्ध है.

क्या इस कार्ड का उपयोग किसी भी देश में किया जा सकता है ?
भारत, भूटान और नेपाल में कार्ड का उपयोग नहीं किया जा सकता है. सरकार, विनियामक प्राधिकरण, बैंक या वीजा कुछ देशों में कार्ड के उपयोग को प्रतिबंधित कर सकते हैं. ऐसी जानकारी बैंक, बैंक के ग्राहक सहायता, विजा या संबंधित अधिकारियों द्वारा उपलब्ध करवाई जाती है.

क्या बड़ौदा ट्रैवल इजी कार्ड का उपयोग उस देश में किया जा सकता है जहां अमरीकी डॉलर स्थानीय मुद्रा नहीं है ?
हां, अमरीकी डॉलर युक्त बड़ौदा ट्रैवल इजी कार्ड उन देशों में उपयोग किया जा सकता जहाँ अमरीकी डॉलर स्थानीय मुद्रा नहीं है. (ऐसे उपयोग के लिए परस्पर मुद्रा लेन देन प्रभार लागू होगा - कृपया विवरण की जांच के लिए प्रभार अनुसूची देखें)

क्या बड़ौदा ट्रेवल इजी कार्ड खरीदने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा में खाता होना आवश्यक है ?
बड़ौदा ट्रैवल इजी कार्ड को हमारे बैंक के खातेधारक निवासी भारतीय के साथ-साथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा में खाता न रखने वाले अन्य व्यक्तियों द्वारा भी खरीदा जा सकता है. विदेश यात्रा के इच्छुक व्यक्ति बैंक ऑफ़ बड़ौदा की निर्धारित की गई शाखा में जाकर काउंटर से बड़ौदा ट्रैवल इजी कार्ड खरीद सकते हैं. बैंक के खाताधारकों के साथ-साथ अन्य ग्राहकों के लिए उचित केवाईसी की आवश्यकता है.

लाभ

डिपोजीटरी के क्या लाभ हैं ?

डिपोजीटरी में भाग लेने के निम्नलिखित लाभ हैं :
- प्रतिभूतियों का तत्काल अंतरण/ हस्तांतरण
- प्रतिभूतियों के हस्तांतरण पर स्टांप प्रभार निशुल्क
- दोषयुक्त शेयर, नकली प्रतिभूतियां आदि जैसे भौतिक प्रमाण पत्रों से संबंधित जोखिम का निराकरण
- प्रतिभूतियों के हस्तांतरण में शामिल कागजी कार्रवाई में कमी
- लेन देन की लागत में कमी
- नामांकन की सुविधा

भीम बड़ौदा पे

यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस क्या है ?

यूपीआई एक भुगतान प्रणाली है जो आपको किसी भी दो पार्टियों के बीच धनराशि को अंतरित करने की अनुमति देती है. ये दो पार्टी दो बैंक हो सकते है, एक बैंक और कुछ कंपनी (उबर, ओला आदि) या दो कंपनियाँ.

क्या बड़ौदा एमपे ऐप का उपयोग करने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा में खाता होना अनिवार्य है ?

नहीं, एक व्यक्ति जिसका बैंक ऑफ़ बड़ौदा में खाता नहीं है, वह भी इस एप्लिकेशन का उपयोग कर सकता है. हालांकि, उपयोगकर्ता के पास यूपीआई सक्षम बैंक में खाता होना चाहिए.

वर्चुअल पेमेंट ऐड्रेस (वीपीए) क्या है?

वर्चुअल पेमेंट ऐड्रेस का अर्थ है एक भुगतानकर्ता या प्राप्तकर्ता को पीएसपी (एप्लीकेशन प्रोवाइडर) द्वारा जारी किया गया एक यूनिक पेमेंट आईडेंटिफायर जिसका उपयोग बैंक के खाते को डेबिट या क्रेडिट करने में किया जाता है. वर्चुअल पेमेंट ऐड्रेस में पीएसपी हैंडलर होता है उदाहरणस्वरूप Sachin@barodampay. वर्चुअल पेमेंट एड्रेस के उपयोग द्वारा भुगतान प्राप्त करने के लिए अपने खाते या डेबिट कार्ड की जानकारी साझा करने की आवश्यकता नहीं है. प्रत्येक वर्चुअल पेमेंट ऐड्रेस को एक बैंक खाते के साथ जोड़ना होगा.

एक बैंक खाते के सामने कितने वर्चुअल पेमेंट ऐड्रेस बनाए जा सकते हैं ?

एड बैंक अकाउंट (बैंक खाता जोड़ने) के विकल्प के माध्यम से आप एक बैंक खाते के लिए कई वर्चुअल पेमेंट एड्रेस बना सकते हैं. हालांकि, मैनेज एकाउंट्स के विकल्प के माध्यम से इसे संशोधित किया जा सकता है.

मैं किसी भी बैंक खाते में धनराशि कैसे अंतरण कर सकता हूं ?

यह आईएमपीएस के माध्यम से 5 विकल्पों से किया जा सकता है.

- खाता संख्या + आईएफएससी
- मोबाइल नंबर+ एमएमआईडी
- वर्चुअल आईडी
- आधार नंबर
- आधार नंबर+ आईआईएन (जारीकर्ता पहचान नंबर)

एमएमआईडी क्या है ?

मोबाइल मनी आईडेंटिफायर (एमएमआईडी) बैंक द्वारा जारी पंजीकृत सात अंकों रैडम का नंबर है. प्रेषक (ग्राहक जो पैसा भेजना चाहता है) और लाभार्थी (ग्राहक जो पैसा प्राप्त करना चाहता है) के पास यह अंतर बैंक धनराशि अंतरण (फंड ट्रांसफर) करने के लिए एमएमआईडी होना चाहिए.

धनराशि अंतरण की सीमाएं क्या है ?

अधिकतम राशि प्रति लेनदेन	अधिकतम राशि प्रति दिन
25000/-	50000/-

बीओबी बिल पे

बीओबी बिल पे से ग्राहक को कैसे लाभ होता है ?

- ग्राहक सभी बिलों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्राप्त कर सकता है और इलेक्ट्रॉनिक रूप से इन बिलों के भुगतान का समय निर्धारित भी कर सकता है जिससे चेक जारी करने और लाइन में खड़े होने की जरूरत समाप्त हो सके.
- भुगतान किसी भी मौजूदा बैंक खाते से किया जा सकता है, नया खाता खोलने की आवश्यकता नहीं है. प्रत्येक बिल के भुगतान के लिए बैंक खाते का चयन अंतिम मिनट में प्रत्येक खाते की शेष राशि के आधार पर किया जा सकता है.
- पूर्व निर्धारित बैंक खाते से प्रत्येक माह के एक निश्चित दिन पर किसी विशेष बिल के भुगतान का समय निर्धारित करने के लिए एक "ऑटो पे" विकल्प का उपयोग किया जा सकता है.
- ग्राहक चार्ट एवं आसान टूल्स की मदद से अपने कुल खर्चों का विश्लेषण कर सकता है.

बॉब बिल पे सेवाओं के उपयोग के लिए क्या समय है ?

बिल का भुगतान घर, कार्यालय या साइबर कैफे से आराम से एक कंप्यूटर के माध्यम से चौबीसों घंटे किया जा सकता है.

बॉब बिल पे सेवाओं के लिए पंजीकरण कैसे करें ?

एक बार की पंजीकरण औपचारिकताओं को निम्नानुसार पूरा किया जा सकता है.

- www.bobbillpay.com पर लॉगइन करें और ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरें
- **बॉब बिल पे** द्वारा भेजे गए ईमेल का उत्तर देकर उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड की पुष्टि करें.
- **बॉब बिल पे** द्वारा भेजे गए पंजीकरण फॉर्म और भुगतान प्राधिकृत फॉर्म को हस्तांतरित करें.
- निर्दिष्ट बैंक खाते का चेक या रद्द चेक की फोटो कॉपी संलग्न करें.

बिलर्स का प्रबंधन कैसे करें ?

ग्राहक खाता विवरण देते हुये उस बिलर का चयन कर सकता है जिससे वह इलेक्ट्रॉनिक रूप से बिल प्राप्त करना चाहता है. अगले बिलिंग चक्र से ग्राहक के चुने हुए बिलर्स से इलेक्ट्रॉनिक रूप से बिल प्राप्त होंगे जिसका **बॉब बिल पे** में पंजीकृत ग्राहक के किसी भी बैंक खाते से भुगतान किया जा सकता है. ग्राहक किसी भी समय पहले से जोड़े गए बिलर के खाता विवरण को संशोधित या डिलीट कर सकते हैं .

बैंक खाते का प्रबंधन कैसे करें ?

ग्राहक किसी भी समय खाता विवरण जैसे कि खाता संख्या, एमआईसीआर कोड आदि उपलब्ध कराके एक से अधिक खातों को जोड़ सकता है. ग्राहक द्वारा जोड़े गए प्रत्येक बैंक खाते के लिए ग्राहक के बैंक द्वारा सत्यापित भुगतान प्राधिकार फॉर्म और उस खाते के चेक या रद्द चेक की एक फोटो कॉपी उपलब्ध करवानी होगी. ग्राहक भुगतान प्राधिकार फॉर्म को सीधे सत्यापित कर सकता है या ग्राहक **बॉब बिल पे** से सहायता के लिए अनुरोध कर सकता है. पूरा किया गया फॉर्म या तो **बॉब बिल पे** को मेल करना होगा या इंडिया आईडीया को डिलीवरी के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा की नजदीकी शाखा में जमा करना होगा. ग्राहक किसी भी समय मौजूदा बैंक खातों को डिलीट कर सकता है.

क्या बॉब बिल पे सेवाएं सुरक्षित है ?

- ग्राहक को 128-बिट इंक्रिप्शन (जो कि इंटरनेट पर अधिकतम संभव है) के माध्यम से सुरक्षा का उच्चतम मानक सुनिश्चित किया जाता है
- बॉब बिल पे ने इंटरनेट ट्रस्ट सर्विसेज के दुनिया के सबसे प्रदात्ता वेरीसाइन इंक (verisign Inc) से प्रमाण पत्र प्राप्त किया है.
- तथापि यह सुझाव दिया जाता है कि उपयोगकर्ता अपना उपयोगकर्ता- नाम और पासवर्ड को गोपनीय रखें.

क्या मेरा खाता बैंक ऑफ़ बड़ौदा में होना चाहिए ?

आवश्यक नहीं, आपका मुंबई के किसी भी बैंक में खाता होना चाहिए.

क्या मुझे मेरे भौतिक बिल प्राप्त होते रहेंगे ?

हां, आप bobbillpay.com पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत बिलों के अतिरिक्त भौतिक बिलों को प्राप्त कर सकेंगे.

क्या बॉब बिल पे में पंजीकरण करने के पश्चात मैं काउंटर पर बिल का भुगतान कर सकता हूं ?

हां, बॉब बिल पे में पंजीकरण करने के पश्चात, आप काउंटर पर भी बिलों का भुगतान कर सकते हैं.

क्या मैं बिलर जोड़ / हटा सकता हूं ?

जब भी कोई नया बिलर जोड़ा जाता है तो ग्राहक को मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा/ किसी भी समय ग्राहक किसी भी बिलर को जोड़/ हटा सकता है.